# राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर

**अपील संख्या – 1964/2014/बाड़मेर.**

मैसर्स विरात्रा टायर्स, बाड़मेर. .......अपीलार्थी.

बनाम

सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी, वार्ड–द्वितीय, बाड़मेर. .....प्रत्यर्थी.

**एकलपीठ**

**श्री मनोहर पुरी, सदस्य**

**उपस्थित : :**

श्री पी. एम. चौपड़ा, अभिभाषक .......अपीलार्थी की ओर से.

श्री जमील जई,
उप–राजकीय अभिभाषक ........प्रत्यर्थी की ओर से.

**निर्णय दिनांक : 17/12/2015**

## निर्णय

1. यह अपील अपीलार्थी व्यवहारी द्वारा अपीलीय प्राधिकारी, जोधपुर–प्रथम, वाणिज्यिक कर जोधपुर (जिसे आगे **'अपीलीय अधिकारी'** कहा गया है) के अपील संख्या 26/आरवैट/बीएमआर/14–15 में पारित किये गये आदेश दिनांक 27.09.2014 के विरूद्ध राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (जिसे आगे **'वेट अधिनियम'** कहा जायेगा) की धारा 83 के अन्तर्गत प्रस्तुत की गयी है।

2. प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार हैं कि सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी, वार्ड–द्वितीय, वृत–बाड़मेर (जिसे आगे **'कर निर्धारण अधिकारी'** कहा जायेगा) द्वारा अपीलार्थी व्यवहारी के वर्ष 2011–12 के लिये वेट अधिनियम की धारा 23/24 के तहत कर निर्धारण आदेश दिनांक 14.03.2014 को पारित करते हुए व्यवहारी द्वारा आलौच्य अवधि के विवरण प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर नियम, 2006 के नियम 19ए के तहत लेटफीस रूपये 25,000/– का आरोपण किया गया। अपीलार्थी द्वारा कर निर्धारण अधिकारी के उक्त आदेश के विरूद्ध प्रस्तुत की गयी अपील अपीलीय अधिकारी के अपीलाधीन आदेश दिनांक 29.09.2014 से अस्वीकार किये जाने से व्यथित होकर अपीलार्थी व्यवहारी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गयी है।

3. अपीलार्थी के विद्वान अभिभाषक ने कथन किया कि कर निर्धारण अधिकारी द्वारा वेट नियम 19ए के तहत शास्ति आरोपित किये जाने से पूर्व अपीलार्थी व्यवहारी को शास्ति आरोपण बाबत विशिष्ठ नोटिस जारी नहीं किये जाने के कारण शास्ति का आरोपण प्रथम दृष्टया विधिविरूद्ध किया गया था। जबकि राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर नियम, 2006 के नियम 48 अनुसार कोई भी आदेश पारित किये जाने से पूर्व व्यवहारी को सुनवाई का समुचित अवसर

**लगातार.............2**

प्रदान किया जाना आवश्यक है। अपीलीय अधिकारी ने भी उक्त विधिक स्थिति को नजरअंदाज करते हुए अपीलार्थी व्यवहारी की अपील अस्वीकार किये जाने में त्रुटि की है। उक्त कथन के साथ विद्वान अभिभाषक ने व्यवहारी की अपील स्वीकार किये जाने का अनुरोध किया गया।

5. प्रत्यर्थी राजस्व की ओर से विद्वान उप–राजकीय अभिभाषक ने अपीलीय अधिकारी व कर निर्धारण अधिकारी के आदेशों का समर्थन करते हुए कथन किया कि अपीलार्थी व्यवहारी द्वारा आलौच्य अवधि के विवरण प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने के आधार पर कर निर्धारण अधिकारी द्वारा वेट नियम 19ए के तहत लेटफीस का आरोपण विधि अनुसार किया गया था, जिसकी पुष्टि किये जाने में अपीलीय अधिकारी ने कोई विधिक त्रुटि नहीं की है। उक्त कथन के साथ विद्वान उप–राजकीय अभिभाषक ने अपीलार्थी व्यवहारी की अपील अस्वीकार किये जाने का अनुरोध किया।

6. उभयपक्ष की बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया।

7. हस्तगत प्रकरण में कर निर्धारण अधिकारी की पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि कर निर्धारण अधिकारी ने अपीलार्थी व्यवहारी की आलौच्य अवधि वर्ष 2011–12 के लिये पारित किये गये आदेश दिनांक 14.03.2014 में विवरण प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण वेट नियम 19ए के तहत लेटफीस का आरोपण किया गया है।

8. इस सम्बन्ध में राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर नियम, 2006 के नियम 19ए का अवलोकन किया जाना समीचीन होगा, जो निम्न प्रकार है :—

**Rule 19A** - where a dealer furnishes the return after the prescribed time, he shall pay a late fee of :

(i) rupees one hundred per day subject to a maximum of rupees fifty thousand in case the dealer is required to pay tax for each month or part thereof under section 20 of the Act; and

(ii) rupees fifty per day subject to a maximum of rupees five thousand, in all other cases.

9. माननीय उच्चतम न्यायालय के **मायारानी पुंज के निर्णय (1986) 157 आई.टी.आर. 330** के अनुसार विवरण प्रपत्र प्रस्तुत करने में विलम्ब के बिन्दु पर शास्ति आरोपण के विषय में विवरण प्रपत्र प्रस्तुत करने में चालू रहने वाला व्यतिक्रम उस दिन समाप्त होता है, जिस दिन विवरण प्रपत्र प्रस्तुत किया जाता है या जिस दिन कर निर्धारण आदेश पारित किया जाता है। विवरण प्रपत्र प्रस्तुत करने में हुए विलम्ब हेतु शास्ति के प्रावधान व्यतिक्रम समाप्त होने वाले

लगातार.............3

दिन जो प्रभावशील है, वे लागू होंगे। विलम्ब के परिणामस्वरूप भुगतान योग्य दायित्व किसी भी नाम से होने पर यह सिद्धान्त लागू होता है। अतः इस आधार पर लेट फीस जमा कराने का दायित्व Consequential Quantification किये जाने योग्य है।

10. बिक्री विवरण प्रपत्र प्रस्तुत करने में व्यतिक्रम करना एक चालू रहने वाला व्यतिक्रम है। यह व्यतिक्रम विवरण प्रपत्र प्रस्तुत करने की विहित अंतिम तिथि से प्रारम्भ होता है तथा जिस तिथि को विवरण प्रपत्र प्रस्तुत किया जाता है, उस तिथि को व्यतिक्रम समाप्त होता है। जिस तिथि को निरन्तर रहने वाला व्यतिक्रम समाप्त होता है, उस दिन जो लेट फीस के प्रावधान प्रभावी हैं, उस लेट फीस के प्रावधान के अनुसार लेट फीस की राशि Quantify की जावेगी।

11. अपीलार्थी व्यवहारी को नियम 19ए की पालना में विहित लेट फीस का भुगतान करना है। यह लेट फीस विहित समयावधि के पश्चात विवरण प्रपत्र प्रस्तुत करने की परिस्थिति में Consequential (पारिणामिक) प्रभाव के कारण जमा कराना अधिदेशक है। लेट फीस स्वमेव पारिणामिक दायित्व है जिसका Quantification उसके कर जमा कराने की श्रेणी के आधार पर किया जायेगा। नियम 19ए के प्रावधानों के अनुसार मासिक कर दाता की श्रेणी में होने पर यह लेटफीस अधिकतम रूपये 50,000/– होगी तथा मासिक करदाता की श्रेणी में नहीं होने पर लेट फीस अधिकतम रूपये 5000/– होगी।

12. उपरोक्त विवेचनानुसार प्रकरण कर निर्धारण अधिकारी को इस निर्देश के साथ प्रतिप्रेषित किया जाता है कि अपीलार्थी व्यवहारी के मासिक करदाता होने की स्थिति में आरोपित लेटफीस रूपये 25,000/– यथावत रहेगी एवं मासिक करदाता नहीं होने की स्थिति में उक्त प्रावधानों अनुसार अधिकतम रूपये 5000/– लेटफीस आरोपणीय रहेगी।

13. परिणामस्वरूप अपीलार्थी व्यवहारी की अपील आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए प्रकरण उपरोक्त निर्देशानुसार कर निर्धारण अधिकारी को प्रतिप्रेषित किया जाता है।

14. निर्णय सुनाया गया।

मनोहर पुरी
17.12.2015

**( मनोहर पुरी )**
**सदस्य**